इसका विवरण निम्नलिखित है :--

(लाख/रूपयों में)

संयंत्र/इकाइयां	निधि का आवंटन
भिलाई इस्पात संयंत्र	25
बोकारो इस्पात संयंत्र	122
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	32
राउरकेला इस्पात संयंत्र	85
मिश्र इस्पात संयंत्र	5
सेलम इस्पात संयंत्र	6
आर.डी.सी.आई.एस	4
केन्द्रीय विपणन संगठन	4
कच्चा माल प्रभाग	15
केन्द्रीय कोल सप्लाई संगठन	2
कुल :	300

(ख) कुटेश्वर, (भावनापुर, सतना, तथा कुटेश्वर) खदानों के आस-पास के गांवों के विकास के लिये वर्ष 1993-94 में 2.00 लाख रूपये का बजटीय प्रावधान है।

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम और कुद्रेमुख के नवीकरण की योजना

2221. श्री गया सिंह : क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम और कुद्रेमुख के नवीकरण की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो कब से;

(ग) राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा वर्ष 1993-94 के दौरान निर्यात हेतु निर्धारित लक्ष्य क्या है ; और

(घ) अभी तक उक्त लक्ष्य का कितना प्रतिशत भाग पूरा किया जा चुका है?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सतीश महर देव) : (क) और (ख) नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० तथा कुद्रेमुख आयरन और कम्पनी लि० के "नवीकरण" के लिये सरकार की कोई योजना नहीं है। तथापि, कम्पनियां समय-समय पर विस्तार/संशोधन तथा नई परियोजनाओं का कार्य करती रहती हैं। दोनों कम्पनियां लाभ कमा रही हैं।

(ग) और (घ) नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० द्वारा उत्पादित लौह अयस्क का निर्यात माध्यम अभिकरण खनिज तथा धातु व्यापार निगम के माध्यम से किया जाता है। एम० एम० टी० सी० और एन०एम०डी०सी० के बीच हुए करार के अनुसार 1993-94 के दौरान एन०एम०डी०सी० द्वारा एम०एम०टी०सी० के माध्यम से निर्यात के लिये 75.7 लाख वेट मीट्रिक टन लौह अयस्क दिया जाना है। इसके अनुपालन में 30-11-93 तक एन०एम०डी०सी० द्वारा निर्यात के लिये संविदानत मात्रा का लगभग 61% प्रतिशत प्रेषण कर दिया गया है।

Increase in input prices of Steel

2222. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA; Will the Minister of STEEL. be pleased to state:

(a) whether the steep input price increase has created trouble for the Steel Industry as reported in the 'Hindustan Times' dated 30th November, 1993;

(b) if so, whether Government have contemplated any efforts to put a check on the increase in input prices of steel: and